# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 4704 / का1ए- 09 / 138 / दिनांक 25/7/2026

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कमालगंज में मरम्मत न होने से ग्रामीण परेशान, हादसे बढ़े" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"कमालगंज में मरम्मत न होने से ग्रामीण परेशान, हादसे बढ़े"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम मोहनपुर दीनापुर विकास खण्ड कमालगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, प्रस्तावित 02 नग पम्पहाउस के सापेक्ष 01 नग पम्पहाउस का कार्य पूर्ण तथा 01 नग पम्पहाउस का कार्य भूमि न मिलने के कारण अपूर्ण है एवं सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है। साथ ही योजना में गृहसंयोजनों का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में योजना में वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़को का अवशेष रोडरेस्टोरेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

भवदीय

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि'–**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 562

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन की खोदी सड़कें बनीं मुसीबत: कमालगंज में मरम्मत न होने से ग्रामीण परेशान, हादसे बढ़े

अवनीश कुमार | राजेपुर सराय,, फर्रुखाबाद
2 दिन पहले



कमालगंज ब्लॉक क्षेत्र में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई थी। कार्य पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कमालगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत मोहनपुर दीनारपुर में जल निगम ने पाइपलाइन डालने के लिए सड़कें खोदी थीं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं की गई है। बरसात के कारण इन गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे सड़कें हादसों का कारण बन रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते। इसके चलते बाइक, ई-रिक्शा और अन्य छोटे वाहन अक्सर गड्ढों में फंसकर पलट जाते हैं। कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की है, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की मांग की है, ताकि लगातार हो रहे हादसों को रोका जा सके। ग्रामीण राजेश कुमार ने बताया कि जल निगम ने पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को ठीक से नहीं बनाया। बरसात में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे आए दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। उन्होंने विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की अपील की। इस संबंध में जल निगम के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अजय कुमार ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कहीं पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क क्षतिग्रस्त है और जलभराव की समस्या है, तो संबंधित टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी और आवश्यक मरम्मत कराई जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner